हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

03025

जून, 2018

एम.एच.डी.-14 : हिन्दी उपन्यास–1 (प्रेमचंद का विशेष अध्ययन)

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : पहला और छठा प्रश्न अनिवार्य है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

---

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं *दो* की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *2×10=20*

(क) ईश्वर वह दिन कब लायेगा कि हमारी जाति में स्त्रियों का आदर होगा । स्त्री मैले-कुचैले, फटे-पुराने वस्त्र पहनकर आभूषणविहीन होकर, आधे पेट सूखी रोटी खाकर, झोपड़े में रहकर, मेहनत-मज़दूरी कर, सब कष्टों को सहते हुए आनन्द से जीवन व्यतीत कर सकती है । केवल घर में उसका आदर होना चाहिए, उससे प्रेम होना चाहिए ।

(ख) घर पहुँचकर वह फिर उन्हीं विचारों में मग्न हुए । कुछ समझ में न आता था कि जीवन का क्या लक्ष्य बनाया जाये ? क्षुद्र लौकिकता से चित्त को घृणा होती थी और उत्कृष्ट नियमों पर चलने के नतीजे उलटे होते थे । उन्हें अपनी विवशता का ऐसा निराशाजनक अनुभव कभी न हुआ था । मानव-बुद्धि कितनी भ्रमयुक्त है, उसकी दृष्टि कितनी संकीर्ण । इसका ऐसा स्पष्ट प्रमाण कभी न मिला था । यद्यपि वह अहंकार अपने पास न आने देते थे, पर वह किसी गुप्त मार्ग से उनके हृदयस्थल में पहुँच जाता था ।

(ग) भावों के सामने आचरण का कोई महत्त्व नहीं है । कवि का कर्मक्षेत्र सीमित होता है, पर भावक्षेत्र अनंत और अपार है । उस प्राणी को तुच्छ मत समझो जो त्याग और निवृत्ति का राग अलापता हो, पर स्वयं कौड़ियों पर जान देता हो । संभव है, उसकी वाणी किसी महान पापी के हृदय में जा पहुँचे ।

(घ) प्रेम अपने उच्चतर स्थान पर पहुँचकर देवत्व से मिल जाता है । जालपा को अब शंका नहीं है, इस प्रेम को पाकर वह जन्म-जन्मांतरों तक सौभाग्यवती बनी रहेगी । इस प्रेम ने उसे वियोग, परिस्थिति और मृत्यु के भय से मुक्त कर दिया – उसे अभय प्रदान कर दिया । इस प्रेम के सामने अब संसार और उसका अखंड वैभव तुच्छ है ।

2. "प्रेमचंद अपने विचारों में अत्यन्त प्रगतिशील और मानवधर्मी थे ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । *10*

3. 'सेवासदन' में अनमेल विवाह की समस्या पर विचार कीजिए । 10

4. 'प्रेमाश्रम' में ज्ञानशंकर और प्रेमशंकर के चरित्रों की तुलना कीजिए । 10

5. 'रंगभूमि' में सूरदास पर गाँधीजी के विचारों की छाया है । इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? 10

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 5 = 10$

(क) गजाधर का चरित्र

(ख) 'प्रेमाश्रम' के किसान

(ग) 'रंगभूमि' का आदर्शवाद

(घ) रतन का व्यक्तित्व